## राष्ट्रीय

### 1. स्वामित्व योजना

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) के तहत 1,71,000 लाभार्थियों को ई-प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए।

**स्वामित्व योजना का पूरा नाम** – (Survey of Villages Abadi and Mapping with Improvised Technology in Village Areas, SVAMITVA)

**क्रियान्वयन** - पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित

**उद्देश्य** - ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को संपत्ति का अधिकार प्रदान करना।

**आरंभिक चरण में योजना को लागू करने वाले राज्य** - मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक और राजस्थान।

**महत्व** - स्वामित्व योजना से लोगों को बैंकों से लोन लेना और भी ज्यादा आसान होगा। ये अधिकार अभिलेख लाभार्थियों की समृद्धि का साधन बनेगा। ये लोग डिजीलॉकर के माध्यम से अपने फोन पर अपना प्रॉपर्टी कार्ड डाउनलोड कर सकते है।

**उपलब्धि** - इस योजना के तहत पिछले 6 वर्षों में करीब 29 करोड़ ऋण दिए गए हैं, करीब 15 लाख करोड़ रुपये की ऋण राशि दी गई है।

### 2. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया है।

**कार्य जिम्मेदारी** - यह बोर्ड सड़क सुरक्षा, नवोन्मेष और नयी प्रौद्योगिकी को अपनाने समेत अन्य चीजों के लिये जिम्मेदार होगा।

**बोर्ड का मुख्यालय** – इसका मुख्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थापित होगा।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के सदस्य** – एक चेयरमैन एवं कम-से-कम तीन तथा अधिकतम सात सदस्य।

**नियुक्ति का क्षेत्राधिकार** - केंद्र सरकार के पास।

## अंतर्राष्ट्रीय

### 3. हाई एम्बिशन कोएलिशन फॉर नेचर एंड पीपल

**चर्चा में क्यों** -7 अक्टूबर, 2021 को भारत औपचारिक रूप से "High Ambition Coalition for Nature and People" में शामिल हुआ।

**समारोह का आयोजन** – इस संबंध में नई दिल्ली में फ्रांसीसी और भारतीय सरकार के बीच समारोह का आयोजन किया गया।

**हाई एम्बिशन कोएलिशन फॉर नेचर एंड पीपल** –High Ambition Coalition (HAC) for Nature and People

यह 70 से अधिक देशों का एक समूह है जो 30×30 की रक्षा के लिए वैश्विक लक्ष्य को अपनाने को प्रोत्साहित करता है।

यह एक अंतर सरकारी समूह है, जो प्रकृति और लोगों के लिये एक वैश्विक समझौते का समर्थन करता है, जो कि प्रजातियों के तीव्र क्षरण को रोक सकता है और महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा कर सकता है।

**विशेष** - भारत HAC में शामिल होने वाला पहला ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देश है।

## राज्य

### 4. पश्चिम बंगाल का मिहिदाना

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में पश्चिम बंगाल से GI टैग प्राप्त मिठाई मिहिदाना की पहली खेप बहरीन को निर्यात की गई।

**मिहिदाना** - पोप्ड-राइस बॉल तथा ताजे खजूर के गुड़ से तैयार मिहिदाना को इसके अनूठे स्वाद के लिए जाना जाता है।
**निर्यात करने वाला निकाय** - एपीडा पंजीकृत मेसर्स डीएम एंटरप्राइजेज
**मिहिदाना को GI टैग मिला** -2017 में
**जीआई टैग** – इसका पूरा नाम जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग (GI Tag) है।
ये एक प्रकार का लेबल होता है, जिसमें किसी प्रोडक्ट को विशेष भौगोलिक पहचान दी जाती है।
ऐसा प्रोडक्ट जिसकी विशेषता या फिर नाम खास तौर से प्रकृति और मानवीय कारकों पर निर्भर करती है।
**मान्य अवधि** - जीआई टैग एक बार मिल जाने के बाद 10 वर्षों तक मान्य होते है।

## बिहार स्पेशल न्यूज

### 5. डॉ. अरिन्दम कुमार

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में मधुबनी जिले के डॉ. अरिन्दम कुमार को एक समारोह में राष्ट्र प्रेरणा अवार्ड, 2021 से सम्मानित किया गया।
**समारोह का नाम** – आत्मनिर्भर भारत कॉन्फ्रेंस एवं राष्ट्र प्रेरणा अवार्ड ।
**आयोजन स्थल** – इंदौर (मध्य प्रदेश)।
**सम्मानित करने वाला संस्थान** – वर्ल्ड बुक ऑफ़ स्टार रिकार्ड्स इंडिया
**डॉ. अरिन्दम कुमार** – ये मधुबनी जिले के जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के सहायक अध्यापक है।
**अन्य अवार्ड से सम्मानित** – रिसर्च एक्सीलेंस अवार्ड 2021, इंटरनेशनल रिसर्चर अवार्ड 2021, इनोवेटिव एडुकेटर अवार्ड 2021 आदि।

### 6. बिहार पुलिस

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में बिहार सरकार ने दहेज़ प्रथा पर रोकथाम के लिए एक नई पहल आरम्भ की है।
**पहल** – इसके तहत अब राज्य में नए उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) को नियुक्ति के समय दहेज़ नहीं लेने और देने के लिए शपथ पत्र भरना पड़ेगा।
**क़ानूनी प्रावधान** – नए अधिसूचना के अनुसार, डीएसपी के खिलाफ दहेज़ संबंधी कोई भी शिकायत विभाग या न्यायालय में दर्ज कराई जाती है तो नियुक्ति समाप्त करने का बिहार सरकार को पूर्ण अधिकार होगा।
साथ ही प्रमाण पत्र में कोई भी गलती पाये जाने पर भी उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है।

## विविध (पुरस्कार)

### 11.रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में रसायन विज्ञान के लिए वर्ष 2021 का नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई ।
**पुरस्कार विजेताओं के नाम** - बेंजामिन लिस्ट और डेविड डब्ल्यूसी मैकमिलन ।
**सम्मान का कारण** - दोनों ही वैज्ञानिकों को यह सम्मान "अणुओं के निर्माण के लिए एक सरल उपकरण" बनाने के लिए दिया गया है।
**तीसरे टाइप के कटैलिसीस की खोज** - उत्प्रेरक (कटैलिसीस) केमिस्ट के लिए मौलिक उपकरण हैं, लेकिन शोधकर्ता लंबे समय से मानते थे कि सिद्धांत रूप में, केवल दो प्रकार के उत्प्रेरक उपलब्ध थे। इनमें से पहला धातु और दूसरा एंजाइम था।
वर्ष 2000 में बेंजामिन लिस्ट और डेविड मैकमिलन ने एक दूसरे से स्वतंत्र होकर तीसरे प्रकार के कटैलिसीस का विकास किया। इसे असममित ऑर्गेनोकैटलिसिस कहा जाता है और यह छोटे कार्बनिक अणुओं पर बनता है।
**खोज का महत्व** - इन दोनों वैज्ञानिकों ने मॉलिक्यूलर कंस्ट्रक्शन के लिए एक सटीक और नया उपकरण विकसित किया है। इस उपकरण का फार्मास्युटिकल रिसर्च पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है।
**पुरस्कार प्रदान करने वाला संस्थान** - रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज, स्टॉकहोम
**पुरस्कार** - स्वर्ण पदक, एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर (तकरीबन 8.20 करोड़ रूपये) की राशि
**स्वीडिश क्रोनर** - स्वीडन की मुद्रा

### 12.साहित्य का नोबल पुरस्कार

**चर्चा में क्यों** – हाल ही में साहित्य के लिए वर्ष 2021 का नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई।
**पुरस्कार विजेता का नाम** - उपन्यासकार अब्दुलरजाक गुरनाह ।

**सम्मान का कारण** - उपनिवेशवाद के प्रभावों और संस्कृतियों व महाद्वीपों के बीच की खाई में शरणार्थी की स्थिति के चित्रण के उपलक्ष्य में प्रदत्त।

**अब्दुलरजाक गुरनाह** - अब्दुलराजाक गुरनाह का जन्म 1948 में हुआ था। वे जांजीबार द्वीप पर पले-बढ़े लेकिन 1960 के दशक के अंत में एक शरणार्थी के रूप में इंग्लैंड पहुंचे।

उन्होंने केंट विश्वविद्यालय, कैंटरबरी में अंग्रेजी और उत्तर औपनिवेशिक साहित्य के प्रोफेसर के रूप में काम किया। उनके 10 उपन्यास और कई लघु कथाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं।

उनके उपन्यास 'पैराडाइज' को 1994 में बुकर पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था।

**पुरस्कार** - एक स्वर्ण पदक और एक करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 11.4 लाख डॉलर राशि)

वर्ष 2020 का साहित्य नोबेल पुरस्कार अमेरिकी कवि लुईस ग्लक को दिया गया था।

## विविध (दिवस)

### 9. वायु सेना दिवस

**आयोजन** – प्रति वर्ष 8 अक्टूबर

**आयोजन स्थल** - गाजियाबाद का हिंडन एयरबेस

**स्थापना दिवस** -89वां

**विशेष** -1971 के युद्ध की जीत के उपलक्ष्य में इस अवसर को 'स्वर्णिम विजय वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है।

**भारतीय वायु सेना (IAF)** –यह भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना है। इसका गठन 8 अक्टूबर, 1932 को ब्रिटिश साम्राज्य में सहायक वायु सेना के रूप में किया गया था।

### 10.विश्व कपास दिवस

**आयोजन** – प्रति वर्ष 7 अक्टूबर

**वर्ष 2021 की थीम** - Cotton for Good

**थीम की विशेषता** - यह थीम जैसे रोजगार प्रदान करना, प्राकृतिक फाइबर प्रदान करना और पर्यावरण की रक्षा करना आदि कपास के स्थायी सकारात्मक प्रभाव का जश्न मनाता है।

**उद्देश्य** - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन में कपास क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना

**स्थापना** –वर्ष 2019 में विश्व व्यापार संगठन (WTO) ने 4 कपास उत्पादक उप-सहारा अफ्रीकी राज्यों बेनिन, चाड, बुर्किना फासो और माली की पहल पर "विश्व कपास दिवस" की स्थापना किया था ।

# करेंट अफेयर्स
## एक नजर
### 09 अक्टूबर 2021

- केंद्र सरकार ने GST मुआवजे की कमी को पूरा करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कितनी धनराशि जारी की है - **40,000 करोड़ रुपये**
- लड़कियों को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा देने की अनुमति दी है - **सुप्रीम कोर्ट ने**
- फोर्ब्स इंडिया द्वारा जारी अमीरों की सूची में टॉप पर है - **मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन)**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने मलेरिया रोधी पहले टीके को मंजूरी दी है जिसका नाम है - **'RTS,S'**
- नॉर्वे में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 57 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी है - **अंशु मलिक**
- नॉर्वे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 59 किग्रा स्पर्धा में सरिता मोर ने कौन-सा पदक अपने नाम किया है - **कांस्य पदक**